तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023



11 सनातन धर्म पर कोई ऊंगली उठाएगा...





12 बाइकर्स गैंग बार्डर पार कराकर ला रहे ओडिशा...






## खबर संक्षेप

### दो डूबते बच्चों को बचाया बालिका सम्मानित

**पांडुका।** वीर बाल दिवस के



अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जान पर खेलकर दूसरों के जान बचाने वाले चार बालक बालिकाओ को सम्मानित किया। जिसमें रजक धोबी समाज की भामेश्वरी निर्मलकर 12 वर्षीय ग्राम कनीड़बरी जिला धमतरी की बालिका ने गांव के तालाब में डूब रहे दो बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में अपने सूझ बूझ और अदम्य साहस से बचाया था। बालिका को मुख्यमंत्री के सलाहकार तुलसी कौशिक ने सम्मानित कर उनके अदम्य साहस को सराहा और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव चूड़ामणि निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष राजा निर्मलकर, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश निर्मलकर, युवा महासचिव विनय निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।

### हरिहर स्कूल में लगाई जा रही संपर्क कक्षाएं



**नवापारा-राजिम।** हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में इन दिनों शीतकालीन अवकाश पर राज्य ओपन स्कूल से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सम्पर्क कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य एमआर नेताम व विद्यालय के ओपन स्कूल प्रभारी बीएल अवसरिया ने बताया कि सम्पर्क कक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार से लिखा जाए। परीक्षा की तैयारी किस तरह से की जाए आदि जानकारी के साथ ही परीक्षार्थियों की कठिनाइयों का समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को पुस्तकें भी वितरित की जा रही है जो परीक्षार्थी इस विद्यालय में ओपन स्कूल से परीक्षा देने हेतु परीक्षा फार्म जमा किए हैं। वे विद्यालयीन समय पर आकर पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं।

### टोकन संख्या तीन से पांच करने की मांग

**छुरा।** क्षेत्र के बड़े किसानों ने धान खरीदी में टोकन 3 बार के बजाय 5 बार काटने की मांग की है, ताकि समय धान का कांटा कराया जा सके। शासन द्वारा प्रति एकड़ धान खरीदी 21 किवंटल किए जाने के पश्चात सभी किसानों के धान बिक्री की मात्रा बढ़ गई है। बड़े किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन किसानों के पास 50 एकड़ खेत है, उन्हें लगभग 1050 क्विंटल धान बिक्री किया जाना है। जिसमें उनका तीन बार का टोकन काटा जा रहा है। प्रत्येक टोकन में 350 क्विंटल का टोकन है किंतु जब इतने धान को लेकर समिति में बेचे जाने पर बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ही दिन 350 क्विंटल धान को किसान अपने घर से समिति ले जाने में पूरा समय निकल जाता है फिर उनके कांटा करने में दिक्कत आती है। बड़े किसानों ने मांग की है कि उन्हें कम से कम पांच टोकन काटने काटा जाए ताकि उन्हें काम करने में सुविधा हो और किसी प्रकार के परेशानी ना हो।

### मोहरेंगा में मड़ई 31 को

**नवापारा-भेण्डरी।** मोहरेंगा में 31 दिसबंर को मड़ई मेले का आयोजन ग्रामवासियो द्वारा रखा गया है। इस दौरान गांव के सभी देवी देवताओं डिहीडोंगड़ की पूजा होगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा मौलीभाटा ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच अष्टम नगारची ने दी।

# प्रदेश के स्कूलों के लिए जल्द से जल्द योग शिक्षकों की भर्ती की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों ने पहुना भवन में प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा, युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा तथा जिला संगठन मंत्री देवनारायण यदु ने रुद्राक्ष की माला पहनाकर अभिनंदन किया। समिति ने प्रदेश के स्कूलों में योग शिक्षकों की भर्ती की मांग भी रखी।

- रुद्राक्ष माला पहनाकर किया अभिनंदन

इस अवसर पर जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने पतंजलि योग समिति द्वारा जिले में चल रही नियमित योग कक्षा, पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर, नशा मुक्ति रैली, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली, पौधारोपण, मोतियाबिंद जॉच शिविर, नेत्र परीक्षण एवं नेत्रदान शिविर, रक्तदान महादान शिविर, आरोग्य सभा, कोरोना काल में शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिए किए गए जनजागरुकता कार्यों, मास्क वितरण, स्वच्छता रैली, ऑनलाइन कक्षा, गौ सेवा आदि विशिष्ट कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास जिला संगठन मंत्री देवनारायण यदु, पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी नरेंद्र साहू, जिला सोशल योगी पोखन ठाकुर उपस्थित थे।

## पतंजलि योग समिति ने की मुख्यमंत्री साय से मुलाकात



### करोड़ों की योग संबंधी पुस्तकों का होता है वितरण

पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि योग-योग्यताधारी अभी भी बेरोजगार हैं। अभी तक कोई भी भर्ती योग शिक्षकों के लिए नहीं निकल पाई है। प्रदेश के स्कूलों में करोड़ों रुपए खर्च कर छात्र-छात्राओं के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग शिक्षा की पुस्तक विद्यार्थियों को वितरित की जाती है। विषय विशेषज्ञ नहीं होने के कारण उसकी पढ़ाई एवं अभ्यास नहीं हो पाता। पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के पहले योग आयोग की स्थापना की। इसके बावजूद आज तक योग शिक्षकों के लिए कुछ भी नही हों पाया है। उन्होंने योग शिक्षक भर्ती करने का निवेदन किया।

## समस्या: योजना से जुड़े लोगों को परिवार चलाने में हो रही मुश्किल

# प्रतिदिन 15 हजार विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन खिला रहे, चार माह से समूहों को भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

क्षेत्र के लगभग लगभग 314 स्कूल में प्रतिदिन 15 हजार विद्यार्थियों को योजना के तहत मध्यान्ह भोजन खिलाया जा रहा है। इसमें प्राथमिक शाला के 213 व माध्यमिक शाला के 101 स्कूल शामिल हैं, जहां मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन होता है। योजना के संचालन के लिए हर महीने मध्यान्ह भोजन के लिए स्व सहायता समूहों को लगभग 17 से 20 लाख रुपया का भुगतान किया जाता है। चार माह से मध्यान्ह भोजन योजना का भुगतान नहीं होने से इससे जुड़े लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

- हर माह क्षेत्र की प्राथमिक व माध्यमिक शाला को दिया जाता है 17-20 लाख

शासन द्वारा कई योजनाओं का संचालन स्व सहायता समूह के माध्यम से किया जाता है, जिनमें से एक मध्यान्ह भोजन योजना है। योजना के तहत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को दोपहर में भोजन दिया जाता है, जिसमें चावल शासन द्वारा दिया जाता है और दाल, सब्जी अन्य सामग्री हेतु समूह को जिम्मेदारी दी जाती है। रसोइयों का भुगतान शासन द्वारा किया जाता है। शासन द्वारा मध्यान भोजन संचालन के लिए सहायता समूह ईंधन ,दाल ,आलू ,मसाला विभिन्न सामग्री दुकान से क्रय करता है। अभी शासन के पास मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूह को देने के लिए राशि नहीं होने की वजह से उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है।



### 6 माह में से केवल दो माह की मिली राशि

मध्यान्ह भोजन का संचालन 25 जून से प्रारंभ हुआ है। जिसमें से जुलाई, अगस्त का भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद समूह द्वारा सितंबर, अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर माह में भी संचालन किया जा रहा है। समूह एवं लोकल संचालकों को राशि का इंतजार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश एवं जिला में कहीं पर भी मध्यान्ह भोजन की राशि नहीं होने की वजह से समूहों को भुगतान नहीं हुआ है।

### रसोइए भी हो रहे परेशान

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों को भी विगत चार माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसी तरह इस योजना के तहत कार्यरत ऑपरेटर को भी राशि का भुगतान नहीं हुआ है। ज्ञात होगी योजना का संचालन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। जिसमें दोनों का अंश रहता है। केंद्र की राशि तो प्राप्त हो गई है किंतु राज्य में नई सरकार के गठन के साथ अभी तक मंत्रिमंडल में विभाग को बंटवारा लंबित होने के कारण उक्त दिशा में कार्रवाई नहीं हो पा रही है। राशि नहीं मिलने की वजह से चार माह से इनका भुगतान नहीं हो पाया है।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनचौपाल में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के दूर दराज से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। जनचौपाल में 37 लोगों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र आवेदकों के समस्याओं के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनचौपाल में ग्राम छुईया के ओंकार सिंह कंवर एवं कोपरा की दशोदा तारक ने निराश्रित पेंशन की राशि दिलाने, ग्राम पांडुका के बिसन लाल ने नक्शा बंटाकन करने, ग्राम बारुका के मीतकुमार विश्वकर्मा ने बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण दिलाने, ग्राम जिडार के अमर सिंह एवं ग्राम जिडार की रंजीता बाजपेयी ने बिजली बिल अधिक आने पर सुधार कराने, ग्राम फुलझर के खिलावन राम तारक एवं ग्राम कौंदकेरा के सियाराम साहू ने पशु शेड निर्माण कराने, ग्राम कौंदकेरा की अंजली सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की स्वीकृति दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम कामेपुर के ग्रामीणों ने कोदोकच्छार नदी पर लघु सिंचाई बांध बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि नदी पर बांध बनने से यहां के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। ग्राम कोसमी के राजेन्द्रपुरी गोस्वामी ने धान विक्रय हेतु,ग्राम केसोडार के सैरुन खान ने श्रम विभाग से छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रदाय, ग्राम पाटसिवनी के तुलेश कुमार कुर्रे ने पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि दिलाने जैसे संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

# निर्माण कार्यों में अनियमितता संघर्ष मोर्चा घेरेगा जनपद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

युवा संघर्ष मोर्चा जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने कहा है कि शासकीय राशि अनियमितता करने वालों के ऊपर उचित जांच और सही निष्कर्ष नहीं निकालने के विरोध में जल्द ही आंदोलन किया जाएगा। श्री कश्यप ने ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि आम जनता के हित में सरकार अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करती है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए लाखों करोड़ों रुपए ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों को आवंटित करती है। वास्तविक में ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी रुपयों का आहरण कर राशि के हिसाब से कार्य करता है या नहीं यह सवाल है। हमारे द्वारा समय समय में राशि अ नि य मि त ता करने वालों के ऊपर जांच व कार्रवाई को लेकर जनपद पंचायत मैनपुर व अ नु वि भा गी य अधिकारी राजस्व मैनपुर को लिखित आवेदन दिया जाता रहा है। अब भ्रष्ट्राचार की जांच की मांग को लेकर जनपद पंचायत मैनपुर का घेराव किया जाएगा।





# निषाद समाज ने की विधायक रोहित साहू से मुलाकात

**फिंगेश्वर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक रोहित साहू से गरियाबंद जिला निषाद समाज के पदाधिकारियों ने विधायक निवास राजिम में जाकर मुलाकात की। इस दौरान भुनेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद,मोती राम निषाद जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद,सुखी राम निषाद चौरासी अध्यक्ष फिंगेश्वर,गजेन्द्र निषाद प्रदेश सदस्य,नरेश निषाद अध्यक्ष अकलवारा चक,अशोक निषाद अध्यक्ष फिंगेश्वर,विनोद निषाद,कोमल निषाद,सुरेश निषाद,मनोहर निषाद,दीनदयाल निषाद,छेरकू निषाद,गजानन निषाद शामिल है।उक्त जानकारी थानू निषाद जिला मिडिया प्रभारी निषाद समाज गरियाबंद ने दी।

# क्रिकेट में फिंगेश्वरी विजेता, कनेसर उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में आर्यन क्लब के तत्वावधान में जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण 27 दिसम्बर को अतिथियों ने किया। प्रतियोगिता की खिताब विजेता फिंगेश्वरी और उपविजेता कनेसर की टीम रही।

प्रतियोगिता 17 दिसंबर से प्रारंभ हुई और 27 दिसंबर को फायनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में सिर्रीखुर्द ए,

सिर्रीखुर्द बी, फिंगेश्वरी, कनेसर, बासीन पाली, अमेठी, बकली, कौंदकेरा, कुंडेल, परतेवा, दर्रीपार, जोगीडीपा, कोपरा, बेलर सहित कुल 16 क्रिकेट टीम ने भाग लिया। सभी ने तीन तीन राउंड खेल का प्रदर्शन किया। अंक आधारित साहू को मिला। फाइनल में फिंगेशवरी ने कनेसर पर शानदार प्रदर्शन करते जीत दर्ज कर ट्रॉफी जीत ली। विजेता टीम फिगेंश्वरी को 1111 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी दी गई। वही उपविजेता कनेसर को 7777 रुपए नकद व ट्राफी प्रदान दिया गया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में एनसिंग साहू, रोहित कं ड रा , सं तो ष वर्मा,झनेश्वर,चूमेश्वर,भुपेन्द्र,ल क्ष्मण,उमेश,दिलीप,चन्द्रकांत,हि ते श , ल ली त , राजाराम,थानसिंग,कामता,रवि कंडरा,पोखराज, प्रवीण आर्यन क्रिकेट क्लब सिर्रीखुर्द का योगदान रहा।



### ये रहे अतिथि

मुख्यातिथि जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित,जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेन्द्र निषाद,पुर्व सरपंच मोतीराम राम निषाद, विजय कंडरा,कोमल ढीढी,सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, उपसरपंच हेमलाल साहू , ग्राम अध्यक्ष हरिराम साहू, थे।

## अक्षय ऊर्जा क्रेडा ने कराई स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता

# ऊर्जा संरक्षण की भावनाओं को छात्र-छात्राओं ने चित्रों में उकेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अक्षय ऊर्जा क्रेडा द्वारा स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूवाड में किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में क्रेडा के एसडीओ ध्रुव मारकंडेय, स्कूल प्राचार्य रेशम कौशले, जिला नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा, शिक्षक संजीत सिरोजिया और अन्य स्टॉफ के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता में स्कूल के सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चित्रकला प्रतियोगिता में ऊर्जा संरक्षण के चित्र का प्रदर्शन किया। साथ ही जनजागरुकता के लिए स्लोगन बड़े ही अच्छे रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। अन्य प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र दिया गया। क्रेडा के एसडीओ श्री ध्रुव ने कहा कि भविष्य की ऊर्जा के रूप में अक्षय ऊर्जा को एक अच्छा समाधान माना गया है। साथ ही आने वाले समय में ऊर्जा के स्त्रोत में सौर ऊर्जा की प्राथमिकता को बड़े ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत करते हुए बच्चों को समझाने का प्रयास किया और उनके महत्व को बताया। भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग व बच्चों को उनकी क्रिएटिविटी के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया। कृषि या विज्ञान के क्षेत्र में क्रेडा द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ में बच्चों को भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण के विषय की जानकारी दी गई।



### प्रतिभा व कला को सामने लाने आगे आएं विद्यार्थी

जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने एवं अपनी कला व प्रतिभा को सामने लाने के लिए विभिन्न मंचों पर आगे आने के लिए प्रेरित किया। जिसे उनकी प्रतिभा चित्रकला स्लोगन भाषण या अन्य विज्ञान के क्षेत्र में अपने मॉडल की प्रस्तुतीकरण करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। क्रेडा द्वारा हर वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित स्लोगन व चित्रकला स्पर्धा का योजन क्रेडा द्वारा किया जाता है।

### हर साल कराया जाए इस तरह का आयोजन

कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य श्री कोसले ने ऊर्जा के स्रोत का कैसे उपयोग किया जाए, इस विषय पर बच्चों को संबोधित किया। साथ ही ऊर्जा के संरक्षण के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन संजीत सिरोजिया ने किया। कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आए। इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाए यह आग्रह बच्चों ने अपने अध्यापक से किया। आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजन और प्रतियोगिताओं का आयोजन करके स्कूल के प्रतिभा को निखारने के लिए संजीत सीरोजिया ने संकल्प लिया। प्रतियोगिता में रूवाड स्कूल के स्टाफ ने बड़े उत्साह के साथ बच्चों के साथ भाग लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष स्मृति ने पानी टंकी निर्माण का किया भूमिपूजन



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने ग्राम साल्हेपारा में पानी टंकी निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। लंबे समय से यहां के ग्रामीणों द्वारा पेयजल समस्या के समाधान के लिए पानी टंकी निर्माण की मांग किया जा रहा था। इस मौके पर तुलसीराम सोम, देवनारायण मरकाम, शेखर मरकाम, राजेन्द्र सोरी, उमाशंकर मरकाम, हिनोराम, रोहित मराई, वृन्दा बाई, केवल नागेश एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गायत्री महायज्ञ में शामिल होने 60 कार्यकर्ता गए हरिद्वार



**नवापारा-राजिम।** शांतिकुंज हरिद्वार में होने जा रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने के लिए नवापारा शहर से 60 कार्यकर्ता बुधवार को रवाना हुए। इन कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

### हसदेव जंगल की कटाई छत्तीसगढ़ के अस्तित्व के लिए खतरा: रामकृष्ण

**मैनपुर।** राज्य के हसदेव अभयारण्य में कोयला खनन के



लिए हो रहे पेड़ो की कटाई का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हसदेव जंगल की कटाई छत्तीसगढ़ के अस्तित्व के लिए खतरा है, तत्काल जंगल की कटाई पर रोक लगाया जाना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री ध्रुव ने भाजपा सरकार पर एक व्यापारिक घराने को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के बनते ही हसदेव के जंगल की कटाई शुरू हो गई हसदेव जंगल को समाप्त करने की साजिश है। जानकारी के अनुसार अब तक 50 हजार से ज्यादा पेड़ो की कटाई किया जा चुका है। कटाई से मूल निवासीयो के जीविका व जीव जंतुओं के अस्तित्व को बचाए रखने का संकट भी पैदा हो गया है। श्री ध्रुव ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य की भारतीय जनता पार्टी फायदा पहुंचाने के लिए स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में पेसा कानूनो का उल्लघंन करते हुए ग्राम सभा के बिना अनुमति पेड़ो की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। आंदोलनकारियो को नजरबंद व गिरफ्तार किया जा रहा है।

### लोक कला नर्तक दल स्पर्धा आज

**महासमुंद।** वर्ष 2023-24 में गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला नर्तक दलों की प्रतियोगिता जिला स्तर पर गुरुवार 28 दिसंबर 2023 को सुबह 11:30 बजे पूर्व माध्यमिक शाला खैर के मैदान में गठित निर्णायक मंडल की उपस्थिति में आयोजित किया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को शासकीय योजनाओं का दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज समय सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों की जानकारी लेकर जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में चल रहे संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संकल्प यात्रा के सभी शिविरों में आयुष्मान कार्ड निर्माण, उज्जवला योजना पंजीयन, आधार अपडेशन, किसान क्रेडिट कार्ड एवं हेल्थ चेकअप कैंप गंभीरतापूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे शिविर में आने वाले लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आने वाले अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाए जाने पर इलाज और दवाई वितरण भी की जाए। जिससे लोग गांव में ही शिविर के माध्यम से लाभान्वित होंगे। समय सीमा की बैठक में डीएफओ मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान के तहत बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कूलों में विशेष कार्ययोजना का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर स्कूल प्राचार्यों की बैठक लेकर प्री बोर्ड की तैयारी की समीक्षा करेंगे।

## प्री बोर्ड की तैयारी के संबंध में प्रिंसिपलों की होगी समीक्षा बैठक

### कोविड की जानकारी ली

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज समय सीमा की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शासन से प्राप्त कोविड गाइडलाइन की जानकारी ली। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवश्यक बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मास्क, सेनेटाइजर, टेस्ट किट, जांच सुविधा एवं आवश्यक दवाइयों का स्टॉक भी मेंटेन रखने के निर्देश दिए। जिससे आपातकालीन स्थितियों में बेहतर तरीके से बीमारी से निपटा जा सके।



### विशेष पिछड़ी जनजाति को करें लाभान्वित

विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों को मूलभूत सुविधा से लाभान्वित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जनजाति सदस्यों तक शिक्षा, पेयजल, आवास, सड़क, संचार, स्वास्थ्य एवं पोषण की समुचित पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत जिले के 199 बसाहटो में कमार जनजाति के लगभग 20 हजार निवासरत सदस्यों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण पश्चात अभी तक आवास की सुविधा से वंचित विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को पीएम आवास के तहत आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जाएगा।

## नवापारा में रेल नेरोगेज का ब्राड बनाने का कार्य जारी

# निर्माण कार्य के दौरान स्कूल की बाउंड्रीवाल गिरी, बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालक चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर के वार्ड क्र.1 गोबरा बस्ती के प्रवेश द्वार पर नवनिर्मित रेलवे अंडरब्रिज से चंद कदम की दूरी पर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की बाउंड्रीवाल गिर जाने से वहां अध्ययनरत बच्चों के पालकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी रोष है।

नवापारा रेलवे स्टेशन के नेरो गेज से ब्राड गेज का कार्य चल रहा आरएसए इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। नगर के गोबरा बस्ती के प्रवेश द्वार पर स्थित शासकी पूर्व माध्य. शाला स्थित है। जिसकी कुल दर्ज संख्या 66, शिक्षकों की संख्या 6 हैं। जिसकी बाउंड्रीवाल के किनारे बारिश के पूर्व ही उक्त ठेकेदार द्वारा लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया था। जिसमें 100 से अधिक की संख्या में लोहे की छड़ भी निकली हुई है। गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने से स्कूल की बाउंड्रीवाल पूरी तरह से टूट गई है। जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।





### फरवरी तक बन जाएगी बाउंड्रीवाल

शाला के प्रधानपाठक रविशंकर साहू ने बताया कि अफसरो को लिखित सूचना देकर अवगत करा दिया गया हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय वर्मा ने कहा कि निर्माण या मरम्मत का कार्य बीआरसीसी द्वारा कराया जाता है उनको निर्देशित कर समाधान निकालता हूं। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि जैसे ही आवेदन प्राप्त हुआ वैसे ही मैंने आवेदक के सामने रेलवे ठेकेदार गौरव अग्रवाल को बार-बार फोन लगाया परंतु उनका फोन स्विच ऑफ था। रेलवे ठेकेदार के प्रोजेक्ट इंचार्ज विनय सिंह ने कहा कि वहां पर संपवेल तथा पंप हाउस बनना है उसी के साथ बाउंड्रीवाल भी बन जाएगा, जो कि फरवरी माह तक ही बन पाएगा।

### मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम पर सौंपा ज्ञापन

स्कूल में अध्ययनरत बच्चे गुलशन साहू, प्रशांत यादव, भारत यादव, इशांत यादव, यामिनी साहू के पालक रवि साहू, रोहित साहू, गणेशु यादव, आनंद साहू, यशवंत साहू ने बताया कि हम सभी पालकों ने मुख्यमंत्री, विधायक अभनपुर, कलेक्टर रायपुर, एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ, थाना प्रभारी, रेलवे ठेकेदार, वार्ड पार्षद एवं प्रधान पाठक के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में बच्चों सहित भूख हड़ताल और अनशन करने बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी शासन, प्रशासन और रेलवे ठेकेदार की होगी।

### पानी सप्लाई रही बाधित

स्कूल से लगे मकान मालिक रवि साहू, रोहित साहू सहित अन्य ने बताया कि उक्त गड्ढे के कारण पूरी बारिश और अभी भी गंदगी, कीचड़ और बदबू से बेहाल हो गए हैं। पाइप लाइन भी टूट गई थी जिसके कारण 25 दिन से अधिक पानी की सप्लाई बाधित रही। बार-बार ठेकेदार से आग्रह करने पर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। स्कूल परिसर में ही पानी टंकी बनी है जिससे पूरे गोबरा बस्ती में पानी की सप्लाई होती है। जो कि बाउंड्रीवॉल से लगा हुआ है। पहले जीआई पाइप लगा था जो खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया अभी प्लास्टिक पाइप लगा दिया गया है।

# लाखों की इमारती लकड़ी जब्त, 6 गिरफ्तार



**गरियाबंद।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल से इमारती सागौन लकड़ी की तस्करी करने के मामले में वन विभाग ने गरियाबंद और धमतरी पुलिस की मदद से ओडिशा से राजपुर में तीन जगहों पर छापेमारी कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। वही मंगलवार की कार्रवाई में पकड़े गए 2 आरोपी कस्टडी से चकमा देकर फरार हो गए हैं।

- पड़ोसी राज्य ओडिशा में घुसकर वन अमले ने तीन ठिकानों पर की रेड
- कस्टडी से भागे 2 आरोपी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उप निदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ओडिशा के राजपुर पहुंच एक बड़ी रेड कर 3 जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी में लाखों रुपए कीमती सागौन लकड़ी एवं अधूरे फर्नीचर बरामद किया है। उल्लेखनीय है की उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में अवैध तरीके से सागौन पेड़ों की कटाई होने संबंधी जानकारी विभाग को मिलने पर छापेमारी की कार्रवाई किया गया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के घटनास्थल से 50 ठूंठ मिले हैं। इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले के चलते संबंधित बीट गॉड और डिप्टी रेंजर को शो - काज नोटिस जारी किया गया है। एक अरसे से उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में अवैध कटाई हो रही थी जिसकी सूचना पर वन विभाग ने कार्यवाही की।

# पटेवा में धूमधाम के साथ मनी गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पटेवा में गुरुघासी दास की 267 वीं जयंती समारोह में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गद्दी पूजन व पालो चढ़ाने के पूर्व दोपहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के युवाओ ने बढ़-चढ़कर भूमिका निभाई। शाम 4 बजे गद्दी पूजन व पालो चढ़ाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अभनपुर सिंगारभाठा के बालक पंथी पार्टी ने अपनी शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अतिथि सरपंच भेनमती-राजू पाल ने कहा कि बाबा गुरुघासी दास जी सभी समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उनके बताये मार्ग का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन का उद्धार कर सकता हैं। मनखे मनखे एक समान, मद्यपान से दूरी, सदैव सत्य वचन सहित अन्य सुन्दर विचार लोगो को प्रेरित करती हैं। उपसरपंच हुलसी ध्रुव ने कहा कि बाबाजी ने सत्य का मार्ग अपनाया, उन्हें जन जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि श्यामलाल साहू ,खेलन साहू ,कुलेश्वर साहू, गणेशिया साहू ,प्रेमीन साहू ,नूतन साहू ,मीना साहू ,गंगा भारती ,निर्मला जांगड़ा ,निर्मला साहू ,फूलमत साहू ,शम्मी पाल का समाजिकजनों द्वारा श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में गोंदिया महाराष्ट्र से पहुंची छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का शानदार प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष सुदामा सोनवानी, संतराम,पोषण कल्याण, गैदराम,लेखाराम, भुषण,हरिचंद,लोकचद,देवचरण, अजित,नेमीचंद,विजय,ओमकेश ,टोपचंद अमीत ,पोसु, पप्पू , प्रकाश, धनेश्वर सहित सभी समाजिकजनों का सराहनीय योगदान रहा।



# 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम को कोचवाय में 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक राष्ट्रीय जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं नव निर्मित मन्दिर में वेदमाता गायत्री मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस वृहद महायज्ञ को सफल बनाने की तैयारी हेतु कल कोचबाय में नव निर्मित गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के जिला समन्वयक टीकम राम साहू एवं संगठन प्रमुख रोमन चन्द्राकर के उपस्थिति में गरियाबंद ब्लाक के चारों इकाई फुलकर्रा ,कोचबाय ,आमदी, गरियाबंद से गायत्री परिवार के परिजनों ने गायत्री महायज्ञ आयोजन के लिए विशेष बैठक रखी गई। यज्ञ शाला संचालन हेतु फुलकर्रा इकाई के परिजनों को एवं संस्कार शाला संचालन हेतु गरियाबंद इकाई के परिजनों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- कोचवाय में 31 से होगा शुरू

बैठक के बाद गरियाबंद के श्री मति सुनीता साहू द्वारा बताया गया कि यज्ञ के प्रथम दिवस 31 दिसम्बर को दोपहर 1 से 3 बजे के बीच जल कलश यात्रा निकलेगी। शाम 5 से 7 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्रों द्वारा आद्य शक्ति एवं युग शक्ति मां गायत्री विषय पर संगीतमय प्रवचन देंगे। 1 जनवरी यज्ञ के दूसरे दिवस पर प्रातः 6 से 8 बजे तक ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग रहेगा ,उसके बाद वेदमाता गायत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा,यज्ञ का ज्ञान विज्ञान देवपूजन और 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ के साथ शाम को 5 से 7 बजे के बीच नारी जागो स्वयं को पहचानो विषय पर संगोष्ठी रहेगा। 2 जनवरी यज्ञ के तृतीय दिवस पर दोपहर 3 बजे से युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति विषय पर युवाओं को सम्मेलन होगा। और यज्ञ के अंतिम दिवस 3 जनवरी को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पूर्णाहुति और विभिन्न संस्कार दिए जाएंगे। बेहतर संचालन के लिए उपस्थित सदस्यों द्वारा भोजनालय ब्यवस्था के लिए कोचबाय इकाई के परिजनों को एवं सुरक्षा ब्यवस्था के लिए आमदी इकाई के परिजनों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त बैठक में गरियाबंद इकाई से केशव साहू ,केसर निर्मलकर , विजय साहू जी एवं श्रीमति सुनीता साहू उपस्थित रहे। फुलकर्रा इकाई से पतराम निषाद , नुतन श्रीवास एवं उनकी टीम आमदी इकाई से लक्ष्मण देववंशी एवं उनकी टीम। कोचबाय इकाई से नंदलाल नाग, शेषनारयण साहू, नारायण देवांगन ,लखन लाल निषाद एवं छुरा ब्लाक से अशोक मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सभी के विश्वास में खरा उतरूंगा: रोहित

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नवनिर्वाचित विधायक ने राजिम विधानसभा से जीत के बाद पहली बार फिंगेवर पहुंचकर जनता का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वे खुली जीप में खड़े होकर हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करते रहे।

इसी कड़ी मे अरेन्द्र पहाड़िया के निवास पर महावीर यादव द्वारा उन्हे नारियल से तौला गया। वहीं पर पहाड़िया परिवार ने गजमाला पहनाकर आत्मिक स्वागत किया। आगे बढ़ने पर रोशन देवांगन ने अपने निवास पर उन्हे शाल- श्रीफल भेंटकर मिष्ठान खिलाया। वही पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित ने भी माला पहना कर स्वागत किया। आभार रैली के सामने रावत नाचा गाजे बाजे के साथ साथ ग्राम चैतरा की पंथी नृत्य लोगों को बहुत ही भाया। स्वागत की कड़ी में किसी ने उनकी आरती उतारी, किसी ने माला पहनाया, टीका किया तो किसी ने गले लगाकर बधाई दी। विधायक सभी का हाथ जोड़ कर वे अभिवादन करते रहे। बड़ों का आशीर्वाद लेते रहे। शहीद चौक के पास रोहित साहू की एक मिनी सभा हुई जिसमें उपस्थित लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि मुझे वोट देकर आप लोगों ने विधायक बनाया है, आपके विश्वास पर खरा उतरुंगा। आप सभी लोगों का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर उनके साथ विजय कंडरा,रामधार साहू,रवि साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव,राजू साहू,मनीश हरित,मंजू हरित,किरणेशसोनी,राकेश सिन्हा,संतोशी श्रीवास्तव,लक्ष्मी श्रीवास्तव,शांति कोसरे,भुनेश्वरी साहू,ज्योति राजपूत सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता रहे।



घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

# श्रीराम रथ का चौक-चौराहों में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला में 26 दिसंबर दिन मंगलवार को दिव्य अक्षत कलश का भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सैकड़ों ग्रामवासी व क्षेत्रवासी शामिल हुए। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र श्रीराम धुन में व घर-घर भगवा छाएगा राम राज्य फिर आएगा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्री राम का नारा से गूंज उठा।

वहीं श्रीराम रथ का स्वागत चौक-चौराहों में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। ग्राम के हर गली और मुहल्ले में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली और वही सभी ग्राम के प्रत्येक घरों के द्वार पर रंगोली, कलश, दीपक सजाकर घरों के छत से पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत करते हुए श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की।। ग्राम रसेला में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा में अक्षत कलश को महिलाओं व बच्चों द्वारा द्वारा सिर पर धारण करके श्रीराम मंदिर दरबार की झांकी, कीर्तन मंडली, डी जे बाजे गाजे और फाटकों के साथ आसपास के गांव सकड़ों श्रद्धालुगण के साथ भ्रमण किया। शोभायात्रा गायत्री मंदिर से प्रारम्भ होकर बजरंगचौक, बाजारपार, सहाड़ा चौक,ऊपरपारा, स्कूलपारा, बेलडीही से होते हुए बसस्टैंड पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया । बेलडीही पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा श्रीराम रथ का पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा 3 बजे से प्रारंभ होकर 7 बजे तक चली ,जिसमे ग्राम के साथ साथ अंचल के लोग भी शामिल हुए जिससे पूरा क्षेत्र राममयी हो गया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए गांव को आमंत्रण के लिए अक्षत कलश का वितरण भी किया। रसेला भ्रमण के पश्चात अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर कुड़ेदादादर, मूढ़ीपानी ,मेडकीडबरी,रूवाड,ले जाया गया और वहांभी अक्षत कलश की भव्य यात्रा निकाली गई ।



Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### निधन

### किशुन श्रीवास



**फिंगेश्वर।** नगर के वार्ड नंबर 5 के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत शिक्षक किशुनराम श्रीवास उम्र 70 वर्ष का निधन हृदयघात से 26 दिसंबर को हो गया। वे ग्राम सेंदर के विद्यामंदिर मे अपनी सेवा दिए थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से नगर सहित शिक्षक जगत मे शोक व्याप्त है। वे राजेश एवं जितेन्द्र श्रीवास के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के लोगों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### रोमलाल यादव



**नवापारा-राजिम।** रोम लाल यादव उम्र 75 वर्ष का निधन आज हो गया। वे नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। वे भिलाई 3 में रहकर 25 वर्षों तक रेलवे की नौकरी के पश्चात गंगा मैया झलमला से लगे ग्राम टेकापार बालोद जिला में रहते थे। वे भूषण,उमेश, विनोद ,राकेश व सुनील यादव के पिता थे।

**शिवमहापुराण: श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति की कथा जारी**

# सनातन धर्म पर कोई ऊंगली उठाएगा तो ईंट का जवाब पत्थर से देना होगाः कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के पांचवे दिवस राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में बालव्यास कृष्णा दुबे ने सनातन धर्म के बारे में बोलते हुए कहा कि अन्य धर्म तो हजार दो हजार पुराना है। हमारे धर्म को काटने वाले खुद ही कट गए। सनातन धर्म में ईश्वर पैदा नहीं होते बल्कि अवतार लेते है। हमारे भगवान कृष्ण एक उंगली में गोवर्धन उठा लेते हैं तो हमारे राम भीलनी जैसे आदिवासी के जूठे बेर प्रेम से खाते हैं। सनातन धर्म युगों-युगों से है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म की कोई शोभायात्रा, कलश यात्रा निकलती है तो पत्थर बरसाए जाते हैं। सनातन धर्म ऐसा है कि हम लोग फूल बरसाते है। हमारे देवी देवता या हमारे सनातन धर्म पर कोई ऊंगली उठाएगा तो हमें भी ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा। सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो हर जीव जंतु से प्रेम करता है, सबकी पूजा करता है।सनातन धर्म में 33 कोटि देवी-देवता है और सबकी पूजा होती है। वराह अवतार से लेकर मत्स्य अवतार,वृक्षों की पूजा ,सर्प की पूजा हम करते है।





### बेटियां धर्म ना छोड़े

बालयोगी श्री दुबे ने बेटियो से कहा कि अपने धर्म को न छोड़े नहीं तो कभी सुखी नहीं रह पाएंगी। माता-पिता ने कितने दिलोजान से पाल पोसकर, बड़ा करते हैं। मन में सोचते हैं कि बेटी का विवाह ऐसा करेंगे कि दुनिया देखेगी। पर आप लोग माता-पिता की पगड़ी को मत उछालना, किसी भी धर्म के बहकावे में मत आना और माता-पिता को कन्यादान करने का अवसर जरूर देना। माता-पिता की सहमति से अपने ही धर्म में विवाह करें। दूसरे धर्म के लोग आपको झूठा प्रलोभन देंगे पर उनके बहकावे में मत आना। हमारे सनातन धर्म में हर जीव की रक्षा की जाती है। अन्य धर्मों में जीवों की हत्या की जाती है।

### इन्होंने सुनी शिव कथा

शिवकथा सुनने के लिए बुधवार को पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहन अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल, मनमोहन टुवानी , विट्ठलदास राठी, अशोक अग्रवाल ,अशोक चन्द्राकर ,कुसुम अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सविता अग्रवाल,बिना अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, गोविंद राजपाल आदि पहुंचे। इनके अलावा बड़ी संख्या में शिवजी के भक्त श्रद्धालुजन,गणमान्य नागरिक, महिला मंडल और श्री सालासर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा समिति के पदाधिकारी,सदस्य मौजूद थे।

### रामनाम की महिमा का किया गुणगान

कथा के दौरान भगवान श्री गणेश के पूरा परिवार का वर्णन किया। कर्म के भोग का प्रतिपादन किया। 1 बेलपत्र हजार गुलाब फूल के बराबर है। उन्होंने बताया कि कर्म करना चाहिए भाग्य के सहारे नहीं रहना चाहिए। भगवत गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, है सांसारिक जीव तू कर्म कर फल मुझ पर छोड़ दें? महाराज जी ने शिव जी द्वारा प्राचीन ग्रंथ, मंत्रों , श्लोकों के बारे में बताया। और सब श्लोकों को देवताओं द्वारा मांगने पर सब दान कर के केवल एक मंत्र अपने पास रखना वो भी राम नाम का श्लोक देवताओं के मांगनें पर भोलेनाथ ने कहा वही मेरे प्राण है , मेरे भगवान है ,मेरे इष्ट है इस प्रकार से राम नाम की महिमा का गुणगान किया?? हमारे आराध्य श्री राम जी का मंदिर बनवा रहे है , महाकाल कारिडोर, बनवाया, काशी-विश्वनाथ कारी डोर बनवाया, बिंध्यवासिनी कारिडोर बनवा रहे हैं, पावागढ़ शक्तिपीठ मां काली मंदिर कारिडोर बनवाया , महापुरुषों के हमारे सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का जो सुंदर कार्य हो रहा है इस पर विस्तार से प्रमाणिकता के साथ सुंदर वर्णन किया। आव्हान किया की जो भी हम सनातनियों की सोचेगा और सनातन को जागृत रखेगा , सनातन के वर्धन , संवर्धन के लिए कार्य करेगा उसे ही समर्थन देना है।

## 'विधायक ध्रुव ने चिचिया में नवनिर्मित आंबा भवन का किया लोकार्पण



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज बुधवार को ग्राम चिचिया पहुंचे तो ग्रामीणों ने सरपंच राजकुमार प्रधान के नेतृत्व में गाजे बाजे फूल माला के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। गांव में जुलूस निकालकर ग्राम सीमा से कार्यक्रम स्थल तक विधायक को पैदल ले जाया गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। विधायक जनक ध्रुव ने ग्राम चिचिया के आश्रित ग्राम नवापारा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट उद्घाटन किया इस दौरान विधायक श्री ध्रुव ने कहा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा लगातार संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह हमेशा उनके साथ रहेंगें। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच राजकुमार प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमति ललिता यादव, यादव समाज अध्यक्ष मकरध्वज यादव, उपसरपंच जयदरत यादव, जमीन दान दाता कीर्तन ध्रुव, ग्राम प्रमुख हुरदो सिन्हा, जिला महामंत्री टिकम कपिल, डोमार साहू, सूरज प्रधान उमेश प्रधान, हरेश प्रधान, पुरूषोत्तम सोम, आंकुर यादव, घनश्याम यादव, उजल सिन्हा, मदन लाल प्रधान, धीरपाल प्रधान, गदाधर प्रधान, कोटवार मोती लाल मानसिंह प्रधान, रूपेंद्र सोम, जीवन लाल यादव, सूरज बघेल, नवीन प्रधान, नेयाल नेताम सहित ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## हसदा में 121 ग्रामीणों के आंखों की हुई जांच

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में चतुर्थ दिवस ग्राम हसदा के ग्रामीणों एवं स्वयंसेवको का मुफ्त में नेत्र परीक्षण किया गया। कुछ गंभीर पीड़ितों को रायपुर पहुंचने कहा गया। 121 रोगियों में मोतियाबिंद 42, चश्मा जांच 51, मोपसिटिंग टेरिशियम 9, आंसू बहना, लाल होना, जलन होना एवं दृष्टिदोष के अनेक रोगियों का उपचार किया गया। छत्तीसगढ़ एम. जी. एम. नेत्र चिकित्सालय रायपुर के डॉ भागवत साहू, डॉ सुष्मिता साहू ,डॉ सागर मंडल ने जांच की। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान विधिक साक्षरता शिविर में नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान के प्रतिनिधि प्रशांत शर्मा ने राजस्व विभाग संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव कराना, वोटरों का नाम जोड़ना व काटना, आपदा आने पर मुआवजा, राशन कार्ड बनाना, भूमि का बंटवारा, राजस्व विभाग के महत्त्वपूर्ण जवाबदारी होती है। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक व्यवस्था जमीन खरीदी बिक्री, नामांकन का काम भी राजस्व विभाग का होता है। स्कूल व महाविद्यालय के आय,जाति,निवास



प्रमाण पत्र बनाने का काम भी राजस्व का होता है ।शिविर संचालन के लिए सात समूहों में बांटा गया है जिसमें धनेंद्र,मितेश,डिगेश, क्षमा, साक्षी ठाकुर,देविका,विनय गोस्वामी,डाली,वरुण, अगेश साहू, एवं दिपेश सेन को डॉ. आर. के. रजक कार्यक्रम अधिकारी ने विशेष प्रभार दिया है। शशिप्रकाश साहू,विकाश साहू,तोरण साहू व दर्जनों ग्रामीण हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे है।

## खेल से गांव में भाईचारा और सद्भावना बढ़ता हैः नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्लॉक के राजापड़ाव क्षेत्र स्थित ग्राम डुमरबुडरा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में छह दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता की विजेता टीम प्रथम मैनपुर कला एवं द्वितीय आमाबहार को संजय नेताम ने नकद राशि व ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ खेले जाने पर खिलाड़ियों का ध्यान आकृष्ट कराया। टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन का शानदार समापन हो रहा है । प्रतियोगिता में काफी दूर दूर की बहुत से टीमों ने हिस्सा लिया और अपने–अपने खेल माध्यम से प्रदर्शन किया। आज हर जगह शहर से लेकर गाँव–गाँव तक लगातार



टेनिस बाल क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। डुमरबुडरा के युवा साथियो ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता व भाईचारे से एक साथ मिलकर एक बढ़िया महौल में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया है। खेल से गांव में भाईचारा व सद्भावना बढ़ती है। अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम ने कहा कि हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, स्वस्थ रहने के लिए भी हमें खेल खेलना जरूरी है। अड़गड़ी सरपंच कृष्णा नेताम ने कहा कि मानसिक–शारीरिक संतुलन के लिए खेल अतिआवश्यक है। खेल से हमारे शरीर को हमेशा लाभ मिलता है। मंच संचालन परमेश्वर धुर्वा ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर रामेश्वर ध्रुव, रामसिंह मरकाम, बाला राम, सुग्रीव ,चौतूराम, रतिराम,मनोहर, धनीराम, गोपालराम, रनसाय मरकाम, मैनूराम, अर्जुनसिंह,इंद्रजीत, लछिन्दर, उत्तम, सियाराम, जयलाल, चैनुराम, संजय कुमार, लोकेश पद्माकर, गज्जू नेगी, धनेंद्र पटेल, रोहन नेताम,गरीब राम सहित क्षेत्रवासियों व खेलप्रेमियों की उपस्थिति रही।




संकलनकर्ता:- हरिभूमि संवाददाता तेजराम ध्रुव एवं लक्ष्मण ध्रुव मो.नं. 8085713983

## खबर संक्षेप

### अक्षत व राममंदिर छायाचित्र का वितरण



**छुरा।** नगर के मानस मंदिर प्रांगण में राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व नवनिर्मित भव्य राममंदिर छायाचित्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पुरोहित पं. यज्ञेश पांडेय द्वारा आए हुए समस्त रामभक्तों ने स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण के बाद मंगलमयी पुण्य कार्य के निर्विघ्न संपन्नता के लिए नगर में विराजमान सभी देवी देवताओं का आह्वान, पूजन व शान्ति पाठ किया गया। सभी वार्डों व ग्रामों से आए हुए कलश का पूजन, राम स्तुति, भगवान की आरती के बाद सामग्री का वितरण किया गया। इसके बाद टोलियों ने भजन कीर्तनके साथ नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली। इस धार्मिक अवसर पर नगर के सभी वार्डों व छुरा मंडल के सभी ग्रामों से राम भक्त स्वस्फूर्त होकर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे। कार्यक्रम में गांव-गांव से आए हुए भजन-कीर्तन की टोली व महिला मंडल समिति ने भजन गाकर मंदिर प्रांगण और नगर को राममय कर दिया।राम कार्य के लिए निस्वार्थ समर्पण व रामकाज के इस गौरव पूर्ण पल को सभी ने आत्मसात किया। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने सभी हिंदू व सनातन परिवारों को साधुवाद प्रदान किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष उज्वल जैन ने बताया कि प्रत्येक हिंदू सनातन परिवार में अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व मंदिर का छायाचित्र को पहुंचाने का कार्य 1 से 15 जनवरी के बीच सनातन टोली द्वारा किया जाएगा। छुरा शीतल धुव ने कहा कि नगर अंतर्गत बस्तियों व खंड में प्रत्येक गांव में निर्मित राम सनातन टोली द्वारा आमंत्रण के लिए अक्षत पत्रक व फोटो पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### स्वयंसेवी संगठनों ने विद्यार्थियों को कम्बल वितरित किया



**गरियाबंद।** जिले में शीतलहर को ध्यान में रखकर गत दिवस विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों द्वारा एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल पिपरछेड़ी, मैनपुर एवं कमार भुंजिया आश्रम गरियाबंद में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कम्बल का वितरण किया गया। पिपरछेड़ी, मैनपुर में वैभव लक्ष्मी मेडिकोज रायपुर के संस्थापक श्री वैभव जैन एवं श्रीमती सुचिता जैन द्वारा 240 बच्चों को कम्बल वितरण किया गया। इसी प्रकार स्पर्श फॉउडेशन द्वारा भुंजिया आश्रम गरियाबंद में 80 बच्चों को कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जिला अन्त्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता सहित स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

**सफलता :** 12 घंटे में ओडिशा से धान लाने वालों पर पुलिस व राजस्व टीम ने की कार्रवाई

# बाइकर्स गैंग बार्डर पार कराकर ला रहे ओडिशा से अवैध धान जब्त बोरे ले जाने वाले पूर्व सरपंच पति पर दर्ज होगा अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बाइकर्स गैंग पड़ोसी राज्य ओडिशा से बार्डर पार कराकर अवैध धान छत्तीसगढ़ ला रहा है। इसके लिए बाइकर्स गैंग बकायदा राशि लेता है। बरबहली में जब्त धान ले जाने वाले पूर्व सरपंच पति पर जुर्म दर्ज करने का निर्देश एसडीएम ने दिया है। क्षेत्र में 12 घंटे में ओडिसा से धान लाने वाले 4 वाहनों को 250 बोरी के साथ टीम ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार विगत 10 दिसम्बर को बरबाहली के नवापारा में लोचन ध्रुव के घर के आगे 500 बोरा अवैध धान भंडारण की सूचना पर जब्ती कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई एसडीएम देवभोग अर्पिता पाठक के निर्देश पर पटवारी ने किया था। पंचनामा के लिए कार्रवाई के दरम्यान कोई सामने नहीं आया ऐसे में जब्तशुदा 500 बोरा धान को ग्राम कोटवार जयचंद प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया था। पहले दिन जब्तशुदा धान के लिए कोई भी दावेदार समाने नहीं आया। फिर दो दिनों बाद कुछ रकबे के आधार पर पूर्व सरपंच पति पुनित राम सिन्हा ने दावा किया। इस दावे के बाद मामले में रकबा पड़ताल व अन्य जांच जारी था। लेकिन इसी बीच 24 दिसंबर को जब्तशुदा धान को पुनित सिन्हा अपनी मौजूदगी में ट्रैक्टर से परिवहन कराना शुरू कर दिया। मामले की लिखित सूचना कोटवार जयचंद ने 24 दिसंबर को ही दे दी थी। थाना प्रभारी देवभोग को लिखे पत्र में बताया था कि पुनित सिन्हा द्वारा अपनी मौजूदगी में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 बी 3653 से 320 बोरी धान ले गया । इस पत्र के बाद पुलिस प्रशासन मे से कोई हरकत में नहीं आया। राजस्व विभाग ने भी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। दरअसल 24 व 25 दिसंबर को सरकारी अवकाश था, जिसका दबंग द्वारा खुल कर फायदा उठाया गया । कोटवार मना करता रहा लेकिन पुनित राम सिन्हा द्वारा जब्त धान को नियम विरूद्ध उठाव का काम लगातार किया जाता रहा।मामले में एस डी एम अर्पिता पाठक ने कहा है कि मामले की जांच पूरी करने के बाद आज पुनित सिन्हा के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश देवभोग पुलिस को दिया गया है।





#### देवभोग अनुविभाग में 4 वाहन सहित 255 बोरा धान पकड़ाया

देवभोग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अर्पिता पाठक ने बताया कि अन्य प्रांत से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज 4 वाहनों में 255 बोरा धान पकड़ाया। इनमें ग्राम खुटगांव बाजार में वाहन क्रमांक सीजी-13 डी 1250 में 60 बोरा धान, ग्राम मुंगझर में वाहन क्रमांक सीजी-04 जेबी 3346 में 60 बोरा व वाहन क्रमांक सीजी-23 एच 9796 में 75 बोरा एवं मगररोडा में में वाहन क्रमांक सीजी-25 4232 में 60 बोरा अवैध धान परिवहन करने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध धान के परिवहन व भण्डारण रोकने के लिए चेकपोस्ट पर चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 6 पालियों में अधिकारी-कर्मचारी की संयुक्त रूप से ड्यूटी लगाई है। अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण करने वाले के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

#### कांदामुड़ा में बाइकर्स गैंग की चुनौती बरकरार

कांदामुड़ा में बाइकर्स गैंग द्वारा पैसे के एवज में ओडिशा बार्डर से धान पार कराने का छत्तीसगढ़ लाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन जरूर हरकत में आया, इस पर रोक नही लगा पाई । इसी बीच पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी द्वारा धान उत्पादन प्रभावित किसानों के हित में जल्द ठोस कदम उठाने के साथ प्रभावित इलाके में ओडिसा का धान खपाने वाले पर कार्रवाई की मांग सीएम विष्णुदेव साय व पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के पास विस्तार से रखी है। जिसके बाद अब कार्रवाई के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है।

## कलेक्टर ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का किया आकस्मिक निरीक्षण



गरियाबंद। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज जिले के देवभोग एवं मैनपुर अनुविभाग के अंतर्गत बनाए गए अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को धान उपार्जन अवधि के दौरान ओड़िशा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले अवैध धान की परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि चौबीसो घंटे चेकपोस्ट पर निगरानी रखे एवं अवैध धान के परिवहन करते पाये जाने पर कठोर कार्रवाई करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर ड्यूटी पर लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी एवं चेकपोस्ट पर की गई रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने मैनपुर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र के लिए बनाये गये अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बिरीघाट, उरमाल एवं तेतलखुटी तथा देवभोग विकासखण्ड के कैटपदर, खुटगांव एवं मगररोड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अवैध धान के परिवहन की सूचना कही पर भी मिलने से तत्काल संबंधित स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा, देवभोग एसडीएम सुश्री अर्पिता पाठक, जनपद सीईओ देवभोग प्रतीक प्रधान उपस्थित थे।

## सिन्हा कलार समाज ने विधायक रोहित, योगेश्वर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज इकाई परिक्षेत्र फिंगेश्वर के पदाधिकारियों ने सोमवार को रोहित साहू के राजिम विधानसभा क्षेत्र एवं योगेश्वर राजू सिन्हा से सिन्हा कलार समाज के प्रमुखों ने उनके निवास राजिम एवं महासमुंद में भेंट की। समाज प्रमुखों ने शाल- श्रीफल देकर सम्मानित किया।

समाज प्रमुखों ने सत्ता शासन में राजनीतिक प्रतिनिधित्व की भागीदारी, सामाजिक गतिविधियों एंव समाज का राजनैतिक दावित्य सहित विभिन्न विषयक पर चर्चा किया। राजिम एवं महासमुंद विधायक ने कलार समाज के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर नई दिशा देने के लिए आश्वासन दिया गया । भेंट करने वालों में डड़सेना कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ,सचिव राजकुमार सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा, क्षेत्र अधिकारी उमराव सिन्हा ,जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश सिन्हा, हुकुम लाल सिन्हा ,प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रांतीय उपकोष निरीक्षक दुर्गाराम सिन्हा ,शिवराम सिन्हा, ग्राम प्रमुख हिम्मत सिन्हा ,कामता सिन्हा ,लाकेश सिन्हा, लीलाराम सिन्हा, उपस्थित थे।

## प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



भानपुरी जगदलपुर में 25, 26 दिसंबर को आयोजित प्रांततरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान ,5 किलोमीटर दौड़ में संतराम ठाकुर द्वितीय स्थान, गोला फेंक में राकेश ध्रुव प्रथम स्थान, लंबी कूद रोमन धुव तृतीय स्थान ग्रहण किया है। खिलाड़ियों के नगर आगमन पर नगर के बालमुकुंद मिश्रा ,सज्जन शर्मा, यशवंत यादव शीतल धुव ने उनका स्वागत किया और उनके प्रमाण पत्र मेडल का वितरण किया। प्रतियोगिता में आदिवासी खिलाड़ी जिला गरियाबंद का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 25 खिलाड़ी कोच मैनेजर सम्मिलित हुए। यह आयोजन वनवासी विकास समिति कल्याण आश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित किया गया। प्रांत खेलकूद प्रमुख रामचरण मरावी मार्गदर्शन में खेलकूद हुआ, जिसमें खेल खेलकूद कबड्डी बालक बालिका वर्ग,5 किलोमीटर दौड़ बालक बालिका वर्ग,लंबी कूद बालक बालिका वर्ग,गोला फेंक बालक बालिका वर्ग,चार खेल सम्मिलित है। शीतल ध्रुव समाजसेवी ने कहा वनवासी विकास समिति का उद्देश्य अनेक प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को उनके प्रतिभा के अनुरूप खोज किया जाता है जैसे खेल के माध्यम से उन्हें तरसना एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना खेल में साक्षर और निरक्षर प्रतिस्पर्धा में भाग लिए। शीतल ध्रुव समाजसेवी,लेखराज धुर्वा सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा,कौशल ठाकुर सरपंच पुरानिक नागेश,पुनितराम ठाकुर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को भेजा गया था। भारत्तोलन संघ के जिला अध्यक्षा गरियाबंद यशवंत यादव ने कहा गरियाबंद जिला में अधिक आदिवासी हैं। बचपन से ही अधिक ताकतवर होते हैं शारीरिक रूप से उन्हें सही दिशा प्रशिक्षण मार्गदर्शन दिया जाए तो अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर शीतल ध्रुव ,यशवंत यादव, ललित साहू, सौरभ सरडा, पालकगण कोमल नेताम सेहरापानी जागेश्वर नागेश कोसमी भगवत सिंह नागेश परमेश्वर नेताम विनय कुमार कोच मैनेजर सुमित्रा ठाकुर कबड्डी खिलाड़ी गण पुष्पलता ,प्रिया, उमेश्वरी ,मोनिका ,गणेश्वरी, टिकेश्वरी ,रजनी ,पुष्पमाला, कमलेश ठाकुर, एस कुमार, ओमकार मरकाम, रोमन ध्रुव, राकेश दीवान, मिथिलेश ध्रुव, हेमंत कुमार ,पान सिंह सोरी, राकेश कुमार ,हितेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस, सेजेस राजिम का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



सिक्खों के धर्मगुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह के शहादत दिवस 26 दिसम्बर को भारत सरकार के द्वारा वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से स्थानीय देवी सम्पद विद्यालय में जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण, क्विज, गीत, नृत्य आदि का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और सभी विधाओं में पुरस्कार बटोरे।

प्रतियोगिता में भाषण में द्वितीय गुंजेश्वरी सोनकर, तृतीय रुद्र कुमार पटेल हिंदी मीडियम गायन में प्रथम : गुंजेश्वरी सोनकर तृतीय : हर्षिता सोनकर क्विज में प्रथम : बाबा अजीत सिंह ग्रुप अनुष्का, गुंजेश्वरी, देवप्रिया, गीतिका, श्रेया ठाकुर, दुर्गा साहू राजीव नयन साहू युगल नृत्य में प्रथम : सुहानी बंजारे, गीतांजलि बंजारे द्वितीय : योविका साहू, श्रेया पाण्डेय को पुरस्कार प्रदान किया गया। इन सभी बच्चों की तैयारी में विद्यालय के शिक्षक मधु गुप्ता, नारायण लाल साहू, शिखा महाडिक, सरिता साहू आदि का विशेष मार्गदर्शन था। विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को इस सफलता के लिए प्राचार्य संजय एक्का सहित एम एल सेन व्याख्याता, एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा, समीक्षा गायकवाड़, कमल सोनकर, संतोष सूर्यवंशी, बी एल ध्रुव, एम के चंदन, गोपाल देवांगन, अंजू मार्कण्डेय, विक्रम ठाकुर, कैलाश साहू, अंगेश गंगेले, पिंकी तारक, प्रणीति चंद्राकर, साक्षी जपे, साक्षी चन्द्राकर, जमील अहमद, जितेन्द्र साहू, योगिता देवांगन, नीता यादव, पुर्णेन्द्र बाघमार, उपासना भगत, नम्रता टोप्पो आदि ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कार सम्मानित किशोर निर्मलकर एवं राजेन्द्र पाल सिंह शिक्षक ने बहुत रोचक अंदाज में किया। सभी प्रतियोगिताओं के लिए अनुपमा ठाकुर, शिखा महाड़िक, नारायण लाल साहू, नरेंद्र देवांगन, लछेन्द्र साहू आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था में देवी सम्पद के प्राचार्य डी आर ध्रुव व विद्यालय के समस्त स्टाफ, संकुल समन्वयक राजिम 1 सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक राजिम धर्मेंद्र सिंह ठाकुर तथा सेजेस प्राचार्य संजय एक्का आदि का विशेष योगदान रहा। शीतकालीन छुट्टियां होने के बावजूद अत्यंत सफलता पूर्वक आयोजन के लिए विधायक रोहित साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने शिक्षा विभाग की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने भी सभी प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सराहा

#### ये रहे अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू, अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि रेखा सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, कमल सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मण्डल राजिम, मधुबाला रात्रे सभापति नगर पंचायत एवं अन्य अतिथियों के रूप में जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के प्राचार्य संजय एक्का, शासकीय देवी सम्पद स्कूल के प्राचार्य डी.आर.ध्रुव, स्कूल समन्वयक सुभाष शर्मा एवं धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मौजूद थे।

## सुशासन दिवस पर साफ़- सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम पंचायत कुडेरादादर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कीजयंती दिवस एवं स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडेरादादर के सरपंच कामिनी नेताम ने कहा कि हमें अपने आस-पास को स्वच्छ रखना चाहिए। अटल चौक पर सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित कर स्व. वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरपंच ने कहा कि अटल बिहारी का व्यक्तितत्व इतना विशाल था कि उससे जितना भी सीखा जाए उसका कोई अंत नहीं है। इस मौके पर उप-सरपंच खिलन अग्रवाल, दुलारी बाई ओटी,दुलौरिन बाई नेताम, जितेन्द्र मरकाम,हुम्मन मरकाम, देवेन्द्र अग्रवाल, दामोदर प्रसाद सोरी, मितानिन पवन बाई,बिराजो बाईं, रमशिला जगत, ग्राम प्रमुख कृष्णा साहू, भीखम साहू, अशोक अग्रवाल, डगेश्वर, झवर अग्रवाल, जगदीश सेन, बीरेन्द्र ध्रुव, नारायण ओटी, विष्णु नेताम, आशा साहू रोजगार सहायक, योगेश पंचायत भृत्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## युवक से अवैध महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली के कार्तिको नायक पिता मोड़ी नायक (25 साल) को साल्हेझरिया पुल के पास से अवैध महुआ शराब 4000 एमएल कीमत 800 रुपए जब्त किया गया। बसना पुलिस ने धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट से अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह महासमुंद पुलिस ने मुड़ा तालाब के पास सोनू जगत पिता कन्हैया (32 साल) बजरंग चौक नयापारा महासमुंद को 16200 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 7200 रुपए रखा मिला। पुलिस ने आरोपी से शराब, बिक्री रकम 1260 रुपए को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।








